Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में ब्लड स्टोरेज यूनिट (B.S.U.) राजकीय जनाना चिकित्सालय का लैब टैक्निशियन (प्लेसमेन्ट कार्मिक) 25,000/- रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 11 फरवरी 2026, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी करौली ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **राम कुवार लैब टैक्निशियन (प्लेसमेन्ट कार्मिक) ब्लड स्टोरेज यूनिट राजकीय जनाना चिकित्सालय भरतपुर** द्वारा परिवादी से 25,000/- **रूपये** आज जनाना चिकित्सालय भरतपुर में बुलाकर प्राप्त किये एवं प्राप्त की गई रिश्वत राशि सहित आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरा के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी करौली को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से उसको जनाना चिकित्सालय भरतपुर में संविदा पर टॉली पूलर वार्ड बॉय के पद पर नियुक्ति देने की एवज में 30,000/- रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में एसीबी करौली के **पुलिस निरीक्षक श्री जगदीश भारद्वाज** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये राम कुवार लैब टैक्निशियन (प्लेसमेन्ट कार्मिक) ब्लड स्टोरेज यूनिट राजकीय जनाना अस्पताल भरतपुर को परिवादी से 25,000/- रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

ए.सी.बी. के **महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।